संपूर्ण विश्व के श्रीराम भक्तों से

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र

का निवेदन।

ॐ

।। विश्व के राम भक्तों से निवेदन ।।

माता, बहनों एवं भाइयों,

आगामी पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार (दिनांक 22 जनवरी, 2024) के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी।

इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। आप भी प्राण-प्रतिष्ठा के दिन (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे के मध्य) अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा (L.E.D., स्क्रीन) लगाकर अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखायें, शंखध्वनि, घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें।

कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केन्द्रित रहे, अपने मंदिर में स्थित देवी-देवता का भजन-कीर्तन - आरती पूजा तथा " श्रीराम जय राम जय जय राम " इस विजय मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। सभी देवी-देवता प्रसन्न होंगे, सम्पूर्ण भारत का वातावरण सात्विक एवं राममय हो जायेगा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जायेगा, अनेक चैनलों के माध्यम से भी प्रसारण किया जायेगा। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएँ; दीपमालिका सजायें, विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाये।

आपसे निवेदन है कि प्राण-प्रतिष्ठा दिन के उपरान्त प्रभु श्रीरामलला तथा नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु अपने अनुकूल समयानुसार अयोध्याजी में परिवार सहित पधारें। श्रीराम जी की कृपा प्राप्त करें।

निवेदक
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र

THE NATION VIBES

यह पत्रक कम से कम 100 लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें🙏

CamScanner

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की टाइमलाइन
17 जनवरी को मूर्ति के साथ अयोध्या धाम में भव्य शोभायात्रा
" ॥ जय श्री राम ॥ "

CamScanner

CS CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की टाइमलाइन
21 जनवरी को रामलला
को 125 कलशों से दिव्य
स्नान कराया जाएगा
CamScanner

CamScanner